3

फा.सं.3(7)/2014-प्रशासन
भारत सरकार
संसदीय कार्य मंत्रालय

92, संसद भवन,
नई दिल्ली

दिनांक: 18 जुलाई, 2014

<u>निविदा सूचना</u>

विषय:- संविदा आधार पर छः चपरासी/बहु-कार्य कर्मचारी को भाड़े पर रखने के लिए कोटेशन संबंधी।

****

मुझे उपरोक्त विषय पर इस मंत्रालय की समसंख्यक निविदा दिनांक 30/06/2014 का हवाला देने और यह सूचित करने का निदेश हुआ है कि निविदा प्राप्ति की अंतिम तारीख को 30 जुलाई, 2014 तक बढ़ा दिया गया है।

निविदा की निबंधन और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी।

भवदीय,
ह./-
(रामेश्वर प्रसाद)
अवर सचिव, भारत सरकार
टेलीफोन : 23034899

प्रतिलिपि प्रेषित :-

1. सभी मंत्रालयों/विभागों को इस अनुरोध के साथ कि उनके द्वारा इस प्रयोजन के लिए विनियोजित किए गए पूर्तिकारों को,यदिवेइच्छुकहों,अपनीदरेंभेजनेकाअनुरोधकियाजाए।
2. तकनीकी निदेशक, एन.आई.सी., संसदीय कार्य मंत्रालय, संसद भवन, नई दिल्ली को इस अनुरोध के साथ कि टेंडर नोटिस मंत्रालय की वैबसाइट पर अपलोड किया जाए और 30 जुलाई, 2014 को अपराहन 3.00 बजे अभिलेखागार में स्थानांतरित कर दिया जाए।

2. तकनीकी निदेशक, एन.आई.सी., संसदीय कार्य मंत्रालय, संसद भवन, नई दिल्ली को इस अनुरोध के साथ कि टेंडर नोटिस मंत्रालय की वैबसाइट पर अपलोड किया जाए और 14 जुलाई, 2014 को अपराह्न 3.00 बजे अभिलेखागार में स्थानांतरित कर दिया जाए।

अनुबंध

तकनीकी और वित्तीय बोलियों के लिए निबंधन और शर्तें

तकनीकी बोली संबंधी अपेक्षाएं

1. उम्मीदवार 14 जुलाई, 2014 को किसी मान्यताप्राप्त बोर्ड या संस्था से दसवीं कक्षा या उसके समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण कर चुका हो।

2. चपरासियों/बहुकार्य कर्मचारियों को छुट्टी के दिनों सहित चौबीस घंटे ड्यूटी पर रहना पड़ सकता है और वे किसी समयोपरि भत्ते/भत्तों के हकदार नहीं होंगे।

3. फर्म को भुगतान इस संबंध में बिल प्रस्तुत करने पर 2% की दर से टी.डी.एस. काट कर मासिक आधार किया जाएगा।